हेतु किया जायेगा । परन्तु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता की दशा में पर्षद उक्त अनुपात को उपयुक्त रूप से कम कर सकेगा ।

(viii) ***लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को शारीरिक योग्यता परीक्षा में सम्मिलित होना एवं इसमें सफल होना अनिवार्य होगा तथा शारीरिक योग्यता के न्यूनतम निर्धारित मापदण्ड में कोई छूट अनुमान्य नहीं होगी ।***

(ख) द्वितीय चरण – 'शारीरिक योग्यता परीक्षा' – शारीरिक योग्यता परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी ।

(i) **दौड़ – 50 (पचास) अंक ।**

सभी कोटि के पुरूषों के लिए – 1 (एक) मील (1.6 कि0मी0) [अधिकतम 6 मिनट में]

5 मिनट तक –	50 अंक
5 मिनट से अधिक एवं 5 मिनट 20 सेकण्ड तक –	40 अंक
5 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट 40 सेकण्ड तक –	30 अंक
5 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 6 मिनट तक –	20 अंक

6 मिनट से अधिक समय लेने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

सभी कोटि की महिलाओं के लिए – 1 (एक) कि0मी0 [अधिकतम 6 मिनट में]

5 मिनट तक –	50 अंक
5 मिनट से अधिक एवं 5 मिनट 20 सेकण्ड तक –	40 अंक
5 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट 40 सेकण्ड तक –	30 अंक
5 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 6 मिनट तक –	20 अंक

6 मिनट से अधिक समय लेने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

(ii) **गोला फेंक – अधिकतम 25 (पच्चीस अंक) ।**

सभी कोटि के पुरूषों के लिए – 16 पौंड का गोला

न्यूनतम 16 (सोलह) फीट फेंकना होगा ।

16 फीट से ज्यादा एवं 17 फीट तक	–	09	अंक
17 फीट से ज्यादा एवं 18 फीट तक	–	13	अंक
18 फीट से ज्यादा एवं 19 फीट तक	–	17	अंक
19 फीट से ज्यादा एवं 20 फीट तक	–	21	अंक
20 फीट से ज्यादा	–	25	अंक

16 फीट से कम फेंकने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

सभी कोटि की महिलाओं के लिए – 12 पौंड का गोला

न्यूनतम 10 (दस) फीट फेंकना होगा ।

10 फीट से ज्यादा एवं 11 फीट तक	–	09	अंक
11 फीट से ज्यादा एवं 12 फीट तक	–	13	अंक
12 फीट से ज्यादा एवं 13 फीट तक	–	17	अंक
13 फीट से ज्यादा एवं 14 फीट तक	–	21	अंक
14 फीट से ज्यादा	–	25	अंक

SARKARIRESULT.COM

10 फीट से कम फेंकने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

(iii) **ऊँची कूद – अधिकतम 25 (पच्चीस अंक) ।**

सभी कोटि के पुरूषों के लिए – न्यूनतम ऊँचाई 4 (चार) फीट

04 फीट से ज्यादा एवं 4 फीट 4 ईन्च तक	–	13 अंक
04 फीट 4 ईन्च से ज्यादा एवं 4 फीट 8 ईन्च तक	–	17 अंक
04 फीट 8 ईन्च से ज्यादा एवं 5 फीट तक	–	21 अंक
05 फीट से ज्यादा	–	25 अंक

04 फीट ऊँचाई न कूद पाने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

सभी कोटि की महिलाओं के लिए – न्यूनतम ऊँचाई 3 (तीन) फीट

03 फीट से ज्यादा एवं 3 फीट 4 ईन्च तक	–	13 अंक
03 फीट 4 ईन्च से ज्यादा एवं 03 फीट 8 ईन्च तक	–	17 अंक
03 फीट 8 ईन्च से ज्यादा एवं 04 फीट तक	–	21 अंक
04 फीट से ज्यादा	–	25 अंक

03 फीट ऊँचाई न कूद पाने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

उपर्युक्त तीनों स्पर्धाओं, यथा- दौड़, गोला फेंक एवं ऊँची कूद स्पर्धा / स्पर्धाओं, प्रत्येक में न्यूनतम विनिश्चित मानदण्ड पूरा नहीं करने वाले अभ्यर्थी को असफल घोषित किया जायेगा ।

10. मेधा सूची–

(i) बिहार पुलिस में सिपाही एवं बिहार अग्निशमन सेवा में अग्निक के पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए ***मेधा सूची शारीरिक योग्यता परीक्षा के अधीन तीनों स्पर्धाओं, यथा– दौड़, ऊँची कूद तथा गोला फेंक में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी*** / शारीरिक योग्यता परीक्षा में दो या अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की दशा में, मेधा सूची में उनके पारस्परिक स्थान का निर्धारण उनकी जन्म तिथियों के आधार पर, एवं समान अंक प्राप्त करने एवं समान जन्म तिथि वाले दो या अधिक अभ्यर्थियों की दशा में उनकी शैक्षणिक अर्हता के आधार पर किया जायेगा । इस प्रकार समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की दशा में अधिक उम्र वाले एवं समान प्राप्तांक एवं समान जन्म तिथि वाले अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर शैक्षणिक अर्हता वाले अभ्यर्थी को मेधा सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा ।

(ii) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित होने की स्थिति में अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सेवा/पदों का आवंटन उनके द्वारा आवेदन–पत्र में इंगित प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा ।

11. रिक्ति :– बिहार पुलिस / बिहार सैन्य पुलिस / विशेषीकृत इण्डिया रिजर्व वाहिनी / बिहार राज्य औद्योगिक सुरक्षा वाहिनी में 'सामान्य सिपाही' के रिक्त पदों की संख्या 9900 (नौ हजार नौ सौ) तथा बिहार अग्निशमन सेवा में 'अग्निक' (Fireman) (सिपाही की कोटि) हेतु रिक्त पदों की संख्या 1965 (एक हजार नौ सौ पैंसठ) है ।

SARKARIRESULT.COM